# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
(बिहार सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं0(CIN)- U45200BR1974SGC001126
प्रधान कार्यालय–कौटिल्य नगर, बि0वि0स0पु0–5, थाना–हवाई अड्डा थाना, पटना–800014.
फोन नं. 2223727 ई–मेल–policenigam@bihar.gov.in


## संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:–

**1. प्रमण्डलीय लेखापाल– पद की संख्या–01 पद(अत्यंत पिछड़ा वर्ग)**

योग्यता– B.Com के साथ ICAI से CA Inter की परीक्षा पास की हो। Article ship के पश्चात् 03 वर्षों का कार्य अनुभव। सरकारी उपक्रम/लोक उपक्रम में कार्य अनुभव को वरीयता।

**पारिश्रमिक–** रू0 40,000/–(चालीस हजार) प्रतिमाह।

2. वाणिज्य लेखापाल– पद की संख्या–02 पद(01–अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं 01–अनुसूचित जाति)

योग्यता– B.Com के साथ ICAI से CA Inter की परीक्षा पास की हो। Article ship के पश्चात् 03 वर्षों का कार्य अनुभव। सरकारी उपक्रम/लोक उपक्रम में कार्य अनुभव को वरीयता।

**पारिश्रमिक–** रू0 40,000/–(चालीस हजार) प्रतिमाह।

www.sgstudy.in

**3. निम्न वर्गीय लिपिक –पद की संख्या–10 पद निम्नवत है :–**

(i) अनुसूचित जाति के 2 पद, में से 01 पद अनुसूचित जाति की महिला को अनुमान्य है।
(ii) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग का 1 पद, जो अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की महिला को अनुमान्य है।
(iii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग–1 पद।
(iv) अनारक्षित 6 पद में से 2 पद अनारक्षित कोटि की महिला को अनुमान्य है।

**योग्यता–** वाणिज्य स्नातक। टैली एवं MS Office पर कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव। सरकारी उपक्रम/लोक उपक्रम में कार्य अनुभव को वरीयता।

[नोट:– निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर उपर्युक्त नियोजन लेखा से संबंधित कार्यों के लिये किया जा रहा है, इसलिये वांछित अर्हता लेखा कार्यों के अनुरूप है।]

**पारिश्रमिक–** रू0 27,500/–(सत्ताईस हजार पाँच सौ) प्रतिमाह।

**उम्रसीमा** – दिनांक–01.11.2024 को न्यूनतम 21 वर्ष। अधिकतम आयु सीमा–अनारक्षित (सामान्य)–37 वर्ष, अनारक्षित (महिला)–40 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग पुरूष/महिला–40 वर्ष, अनु0 जाति/अनु0 जनजाति/महिला–42 वर्ष।

नोट:– राज्य के मूल वासी को ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

**<u>अन्य जानकारी एवं शर्तें–</u>**

1. इच्छुक उम्मीदवार योग्यता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, EWS प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र की पठनीय स्व–अभिप्रमाणित प्रति के साथ विहित प्रपत्र, जो निगम के वेबसाईट www.bpbcc.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है, में आवेदन **दिनांक–12-11-2024** के अपराह्न 5.00 बजे तक पुलिस महानिदेशक सह–अध्यक्ष–सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम,कौटिल्य नगर, पटना–14, बिहार के कार्यालय में **by post** या **in person** समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त नहीं होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। वैसे अभ्यर्थी, जिनपर कोई निगरानी का मामला/विभागीय कार्यवाही/गंभीर आरोप विचाराधीन/दण्ड अधिरोपित हो/आपराधिक मामला दर्ज हो, की सेवाएँ नहीं ली जायेगी।
2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) का दावा करने वाले आवेदक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, की अधिसूचना संख्या–2622, दिनांक–26.02.2019 के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें।
3. Shortlisted उम्मीदवारों को अंतर्वीक्षा की सूचना उनके द्वारा दिए गए ई–मेल पर /निगम के वेबसाईट पर दी जाएगी।
4. यह नियोजन एक वर्ष के लिए की जायेगी। आश्वयकतानुसार दक्षता एवं कार्यक्षमता के आधार पर यह अवधि बढ़ायी जा सकती है।
5. अंतर्वीक्षा के समय अभ्यर्थी जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र, EWS का प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र की मूल प्रति अपने साथ रखेंगे।
6. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे एवं सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार नहीं होंगे तथा नियोजन के बाद नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।
7. संविदा की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि उनकी अवधि विस्तार नहीं की जाती है तो नियोजन स्वतः समाप्त समझा जाएगा, इसके लिए कोई आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।
8. अंतर्वीक्षा हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. नियोजन हेतु चयन, निगम द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
10. **इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन by post या by hand किसी एक ही माध्यम से समर्पित करेंगे।**
11. **उपर्युक्त तीनों पद के लिये आवेदन शुल्क – अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिये 250/–रू0 एवं शेष अन्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिये 500/–रू0 का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पक्ष में गैर वापसी योग्य डिमान्ड ड्राफ्ट।**

ह0/–
**सचिव**

ज्ञापांक........HQ 4268 (BPBCC)   दिनांक........18/10/24

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरी, वरीय निजी सहायक को विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र सहित, निगम के वेबसाईट पर upload करने हेतु प्रेषित।

सचिव